माननीय मंत्री जी ने यह भी स्वीकारा है कि वीपन ओरिएंटिड न्यूक्लिअर प्रोग्राम के लिए पाकिस्तान को सामग्री लुक-छिपकर मिल रही है। मैं यह जानना चाहूंगा कि पाकिस्तान को इस प्रकार की सामग्री कहां-कहां से मिल रही है, किन-किन देशों से मिल रही है और उन देशों के साथ अब आप क्या रवैया अख्तियार करने जा रहे हैं? आपका अमेरिका के साथ अब क्या व्यवहार रहेगा, इस परिस्थिति में अमेरिका की क्या स्थिति रहेगी? क्या वह उसका जो गंतव्य है, हिन्दुस्तान से एन.पी.टी. पर दस्तखत कराने के बारे में, वह उस गंतवय में कोई परिवर्तन करेगा या नहीं करेगा, इस संबंध में भी हम मंत्री जी से स्पष्टीकरण चाहेंगे?

पाकिस्तान की जो सार्वजनिक घोषणा परणामु बम होने की हुई है, उससे भारत का जन-मानस उद्वेलित और चिंतित हो गया है। प्रश्न इस बात का है कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से जो राष्ट्रीय सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दृढ़ घोषणा की थी, उसको मद्देनजर रखते हुए क्या मंत्री जी राष्ट्र को यह आश्वास्ति करेंगे कि जो हमारे देश के सिक्यूरिटी कंसिडरेशन्स हैं, वे संतोषजनक हैं और यदि नहीं है तो क्या अब यह आवश्यकता महसूस होने लगी है कि हमको भी अब न्यूक्लिअर होना पड़ेगा? मैं मंत्री जी से इस बारे में भी स्पष्टीकरण चाहूंगा। हमारे माननीय दिग्विजय सिंह जी ने एक बात का जिक्र संकेत रूप में किया कि हमारा जो एशिया महाद्वीप है, उसमें एक ऐसा वातावरण निर्मित किया जा रहा है कि भारत अकेला पड़ जाए और इसके लिए पाकिस्तान को अन्य देशों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समय-समय पर मदद भी दी जा रही है। इसके लिए निश्चित रूप से क्या हमारी तरफ से यह पहल होगी कि हम कुछ इस्लामिक देशों से इस संबंध में संपर्क साधें और उनसे इस प्रकार का समर्थन लें कि वह पाकिस्तान पर दबाव डालें कि जम्मू-कश्मीर में, हमारे भारत में जो वह आतंकवादी गतिविधियां चलाने में मदद दे रहा है, उस प्रकार की मदद को वह बंद करे। क्या आप इस प्रकार का वातावरण बनाने के लिए पहल करेंगे, यह मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से जानना चाहता हूं।

SHRI VIRENDRA KATARIA (Punjab): Madam Deputy Chairman, this is a very serious matter concerning our country. Mr. Nawaz Sharif's statement on Pakistan's nuclear capability flatly contradicts Pakistan's official statements. Notwithstanding the fact that the statement made about the Pak-occupied-Kashmir was meant to embarrass and to score debating point over his arch adversary Mrs. Benazir Bhutto, it has definitely helped in removing the curtain of ambiguity. This occasion must be thoughtfully and constructively utilised by India to highlight Pakistan's nuclear capability, especially to the US Congressmen who have taken a soft line towards Pakistan's nuclear programme. The US Administration has always down—played Pakistan's nuclear ambitions. The reported involvement of Pakistan in plutonium smuggling racket unearthed by the German security officials last week coupled with reports of ex-Soviet fissile material finding its way into Pakistan and Mr. Sharif's disclosure must be utilised concertedly to drive home the point regarding the threat posed by Pakistan to peace and stability in the region.

Will the hon. Minister utilise this opportunity to expose Pakistan's nefarious designs in the world fora and aim at persuading the US for a realistic assessment of its concept of the Non- Proliferation Treaty in this region? I would also like to know from the Minister whether the suggestion made by Mr. Digvijay Singh would be made a part of our policy to

resolve the situation and to face the threat posed to our country. Thank you.

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : महोदया, मौजूदा जो अंतर्राष्ट्रीय माहौल है और जैसा यह संवेदनशील विषय है, उस पर एक संतुलित और उत्तेजना से अलग हटकर जो वक्तव्य मंत्री जी का आया है, मैं समझता हूं कि यह उसका द्योतक है। ऐसी सिचुऐशन में जिस प्रकार बैलेंस्ड स्टेटमेंट होना चाहिए, मैं समझता हूं कि मंत्री जी ने उस प्रकार का वक्तव्य देकर हाऊस को अपने कान्फिडेंस में लेने की कोशिश की है।

महोदया, आज जब हम नाभिकीय शस्त्रों की बात करते हैं या हम बात करते हैं एटम बम की तो हमें द्वितीय विश्व युद्ध की उस महान घटना की याद आती है जब एटम बम के पहली बार के प्रयोग से हिरोशिमा और नागासाकी में तबाही हुई थी और अभी 9 अगस्त को माननीय अध्यक्ष महोदय ने हिरोशिमा और नागासाकी में अमानवीय व्यवहार की भर्त्सना की थी और उस मानवीय समस्या की तरफ ध्यान दिलाया था। आज आकुपाईड कश्मीर से पाकिस्तान के भूतपूर्व प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार से नाभिकीय शस्त्रों के इस्तेमाल की बात कही है, हमारा जो इतिहास है, उससे यह तो नहीं समझना चाहिए कि हम किसी तरह से डर गए हैं।

6 P.M.

लेकिन विश्व शांति के बारे में, निरस्तीकरण के बारे में और विकास के बारे में जो हमारी एप्रोच और जो हमारी धारणाएं रही हैं, सारे विश्व के शांतिप्रिय लोगों की जो धारणाएं रही हैं उसके लिए चिंता का विषय जरूर रहा है। यह विषय राष्ट्रीय सुरक्षा का भी है और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा का भी है, क्योंकि जिस तरह से नाभिकीय शस्त्रों का फैलाव रोकने का प्रयास कुछ शक्तियां कर रही हैं, उस मूवमेंट को और उस आंदोलन को मैं समझता हूं यकीनी तौर पर उससे धक्का पहुंचेगा। पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान जानबूझकर शिमला समझौता की अनदेखी कर रहा है और जिस तरह से उन्होंने कहा है कि जरूरत पड़ी तो नाभिकीय शस्त्र का प्रयोग हमारे खिलाफ हो सकता है, मैं इसके बारे में ज्यादा तो नहीं कहना चाहूंगा, केवल इतना कहना चाहूंगा कि जब-जब हमारे ऊपर हमला हुआ है, हमारे ऊपर आक्रमण हुए हैं हमने उसका मुकाबला किया है। पाकिस्तान को शिमला समझौते की बात करते हुए सन् 1971 की वह हालत भूल नहीं जानी चाहिए जब एक लाख सशस्त्र सैनिकों ने भारत के सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण किया था। मैं उस परिपेक्ष्य में ज्यादा नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन यह जरूर कहना चाहूंगा कि हमको धमकी देने का प्रयास किया गया है और यह बात बार-बार आई है कि शायद पाकिस्तान की तरफ से या उसके भूतपूर्व प्रधान मंत्री की तरफ हे यह तो बात कही गई, यह कोई नई बात नहीं है। यकीनी तौर पर हम इससे सहमत हैं कि यह कोई नई बात नहीं है। लेकिन नवाज शरीफ और इससे पहले बेनजीर भुट्टों जब वहां प्रधान मंत्री नहीं थी उन दोनों के द्वारा जब वे सत्ता में नहीं होते, इस प्रकार के स्टेटमेंट और इस प्रकार के वक्तव्य दिए जाते हैं। मैडम्, मैं समझता हूं कि यह केवल वहां की जो राजनीति है एक दूसरे को परास्त करने की और एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए वह एटम बम का प्रयोग इस प्रकार से राजनीति में करते हैं। लेकिन निश्चित रुप से मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो यहां पर अभी चर्चा हुई है, उससे यह बात निकलती है कि शायद पाकिस्तान के पास एक नाभिकीय बम है, एक एटम बम है। लेकिन जो हमारी सूचनाएं हैं, क्या यह सही है कि इस वक्त उनके पास छः नाभिकीय बम हैं और इनके पास इतना यूरेनियम है, इतनी तादाद है कि जब वह चाहें थोड़े से अरसे में 20 और ऐसे नाभिकीय बम बना सकते हैं। तो मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि उनकी सूचना क्या कहती है?

आपने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हम प्रयास कर रहे हैं कि पाकिस्तान का जो यह नापाक इरादा है केवल हमारे देश के बारे में नहीं, बल्कि सारी दुनियां के लिए जो वह चुनौती बनकर खड़ा हो रहा है, उसके लिए हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक जनमत तैयार करेंगे। मैं समझता हूं कि आपकी यह नीति एक अच्छी नीति है, क्योंकि जब बंगला देश का मामला आया था तो बहुत दिनों तक जनमत बनाने की तैयारी की थी और इन्दिरा जी ने, आप जानते हैं कि वह युद्ध जो हम पर थोपा गया और जब सारा विश्व हमारे साथ था और हमने किस प्रकार से यहां पर विजय प्राप्त की थी। मैं यह जानना चाहूंगा कि आपने यू.एन. स्तर पर, अपने स्तर से जो हमारा वहां दूतावास है, वहां कुछ इस प्रकार की प्रोटेस्ट सिक्योरिटी कौंसिल में या यूनाइटेड नेशन में लांज़ की है?

जो एक तस्करी हो रही है , क्योंकि यह मसला सिर्फ पाकिस्तान का एटमबम बनाने का नहीं है। इस सदन में भी कई माननीय सदस्यों ने कहा कि एक माफिया डवलप कर रहा है जो इस प्रकार की तस्करी में उसका इंवोल्वमेंट हो रहा है। आज यह मामला केवल पाकिस्तान का नहीं है, बल्कि जर्मनी, एशिया और खास तौर पर रशिया जो बिखर जाने के बाद बहुत सारी रशिया की स्टेट हैं, जहां नाभिकीय

काम होता था और वहां पर अब उस प्रकार का काम नहीं हो रहा है और काफी तादाद में यूरेनियम वहां से निकलने की सम्भावना है और जिस प्रकार से जर्मनी के चांसलर ने रशिया से बात की है, ऐसी सूरत में मैं यह भी जानना चाहूंगा कि यह जो नाभिकीय माफिया सारे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ऊपर उभर रहा है जिससे बहुत सारे खतरे आकर खड़े हो गए हैं, उस माफिया को काउंटर करने के लिए हमारी सरकार अन्य विदेशी सरकारों की सहमति और उनके कोआर्डिनेशन से क्या करने जा रही है?

मैं दो सवाल और करना चाहूंगा। क्योंकि अभी नौर्थ कोरिया की बात आई और इससे पहले भी अमेरिका ने कई मर्तबा यह कहा था कि यदि हमें ऐसे सबूत मिल जाते हैं तो हम पाकिस्तान को टैरोरिस्ट स्टेट घोषित करेंगे। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या भारत के पास भी कुछ और ऐसे सबूत हैं जिसके बिहाफ पर हम अमेरिका को क्योंकि अमेरिका ही उसको इस प्रकार की बहुत सारी मदद देता है, अभी तो वह मदद बंद किए हुए हैं। लेकिन पिछले जमानों में इस प्रकार की परिस्थितियां उठकर आई हैं।

तो मैं माननीय मंत्री से यह जानना चाहूंगा कि टेररिस्ट स्टेट अमरीका क्यों नहीं घोषित कर रहा? क्योंकि जब यह जग बात हो गई है, सारी दुनिया को बात मालूम हो गई है कि बनाने की तैयारी ही नहीं बल्कि ऐटम बम बना चुका है। अब इससे ज्यादा मैं समझता हूं, कि आतंकवादी स्टेट को अमरीकन लांज़ के अंदर घोषित करने के संबंध में मैं समझता हूं, कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए और इस सिलसिले में तेजी लाई जानी चाहिए।

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि एटम बम के डिलीवरी सिस्टम के बारे में जो बात हुई है वह मिसाइल्स की बात तो है लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि जो एफ-16 के ज़रिए कन्वेन्शनल तरीके पर एटम बम बना कर जो पाकिस्तान के पास, अभी तक जिस पर वे बेस कर रहे हैं, तो अभी तो अमरीका ने एफ-16 उनको देने का जो इरादा है, उसको सस्पेंड कर दिया है। लेकिन क्या ये जो वर्तमान परिस्थितियां उभर कर आई हैं, इस में हमारी सरकार अमरीका के ऊपर ज्यादा दबाव डालेगी कि इस प्रकार के एफ-16 सिर्फ सस्पेंड न किए जाएं उनको दिए जायें बल्कि इस सौदे को कैन्सिल कर दिया जाए क्योंकि इससे नाभिकीय जंग शुरु हो जाने के खतरे ज्यादा गहरे होते हैं।

मैं आखिर में पूछना चाहूंगा कि क्या सरकार, ये सवाल हो चुका है, मैं समय नहीं लेना चाहूंगा। आखिर में मैं सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार की थ्रेट हमें दी गई है और जिस प्रकार से प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से अपने अधिकारों की बात कही है, देश के अधिकारों की बात कही है, सारी दुनिया जानती है कि किस प्रकार से कश्मीर में पाकिस्तान ने उस हिस्से में जिसे हम आक्यूपाइड कश्मीर कहते हैं, एक बेस बना लिया है हमारे देश को अस्थिर करने के लिए, डीस्टेबलाइज़ करने के लिए। अभी जम्मू में परसों क्या हुआ? रोज़ धमाके हो रहे हैं। किस प्रकार से मुख्तलिफ जो गिरोह हैं टेररिज्म के और मिलिटेंसी के, उनका वह प्रयोग कर रहा है तो उसके रोके जाने के सिलसिले में और अपना हक हासिल करने के सिलसिले में मैं समझता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो लाल किले से ऐलान किया है, वह सही ऐलान है और उसका हम समर्थन करते हैं। मैं तो समझता हूं था कि पाकिस्तान की इस चुनौती के समय जब कि केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि सारे विश्व के लिए एक चुनौती बन कर खड़ी हुई है, हम आज इस स्टेटमेंट को एकमत हो कर, एक आवाज़ होकर पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर मैं समझता हूं कि अगर हम इसका समर्थन करते तो ज्यादा बेहतर था।

आखिर में मैं कहना चाहूंगा, चुनौतियां हमने बहुत झेली हैं। माननीय मंत्री जी के भी सुपुर्द करना चाहूंगा और अपने तमाम सदस्यों के सुपुर्द भी करना चाहूंगा कि हमने काफी चुनौतियां झेली हैं, हम चुनौतियां झेलना जानते हैं, हमको मिटा सके, क्योंकि ज़माने की और दुनियां की बात आई थी, मैडम, मैं कहना चाहूंगा आपकी इजाज़त से कि "हमको मिटा सके ये ज़माने में दम नहीं, हमसे है ये ज़माना ज़माने से हम नहीं।"

شری سید سبط رضی "اتر پردیش": مہودیہ۔ موجودہ جو انتر راشٹریہ ماحول ہے اور جیسا یہ سنوید نشیل وشے ہے۔ اس پر ایک سنتلت اور اتیجنا سے ہرٹ کر جو وکتویہ منتری جی کا آیا ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ یہ اس کا دیوتک ہے۔ ایسی سچویشن میں جس پرکار بیلینسڈ اسٹیٹمنٹ ہونا چاہیے۔ میں سمجھتا ہوں کہ منتری جی نے اس پرکار کا

ہوں یقینی طور پر اس سے دھکا پہنچے گا۔ پڑوسی ملک پاکستان جان بوجھ کر شملہ سمجھوتہ کی ان دیکھی کر رہا ہے۔ اور جس طرح سے انھوں نے کہا ہے کہ ضرورت پڑی تو نابھکیئے شستر کا پریوگ ہمارے خلاف ہو سکتا ہے۔ میں اس کے بارے میں زیادہ تو نہیں کہنا چاہوں گا۔ کیوں اتنا کہنا چاہوں گا کہ جب جب ہمارے اوپر حملہ ہوا ہے۔ ہمارے اوپر آکرمن ہوئے ہیں۔ ہم نے اس کا مقابلہ کیا ہے۔ پاکستان کو شملہ سمجھوتے کی بات کرتے ہوئے ۱۹۷۱ کی وہ حالت بھول نہیں جانی چاہیے۔ جب ایک لاکھ شستر سینکون نے بھارت کے سامنے آتم سمرپن کیا تھا۔ میں اس پری پکشی میں زیادہ نہیں جانا چاہوں گا۔ لیکن یہ ضرور کہنا چاہوں گا کہ ہم کو دھمکی دینے کا پریاس کیا گیا ہے اور یہ بات بار بار آئی ہے کہ شاید پاکستان کی طرف یا اس کے بھوت پورو پردھان منتری کی طرف سے یہ جو بات کہی گئی ہے۔ یہ کوئی نئی بات نہیں۔ یقینی طور پر ہم اس سے سہمت ہیں کہ یہ کوئی نئی بات نہیں ہے لیکن نواز شریف اور اس سے پہلے بے نظیر بھٹو جب وہاں پردھان منتری نہیں تھیں۔ ان دونوں کے دوارا جب وہ ستا میں نہیں ہوتے۔ اس پرکار کے اسٹیٹمنٹ اور اس پرکار کے وکتویہ دیے جاتے ہیں۔ میڈم۔ میں سمجھتا وکتویہ دیکھ ہاؤس کو اپنے کانفیڈینس میں لینے کی کوشش کی ہے۔

مہودیہ۔ آج جب ہم نابھکیئے شستروں کی بات کرتے ہیں یا ہم بات کرتے ہیں ایٹم بم کی تو ہمیں دو تیئے وشو یدھ کی اس مہان گھٹنا کی یاد آتی ہے۔ جب ایٹم بم کے پہلی بار پریوگ سے ہیروشیما اور ناگاساکی میں تباہی ہوئی تھی اور ابھی 9 اگست کو ہمنیئے ادھیکش مہودے نے ہیروشیما اور ناگاساکی میں امانویہ ویوہار کی بھرتسنا کی تھی۔ اور اس مانویہ سمسیہ کی طرف دھیان دلایا تھا۔ آج اگو پائیڈ کشمیر سے پاکستان کے بھوت پورو پردھان منتری نے جس پرکار سے نابھکیئے شستروں کے استعمال کی بات کی ہے۔ ہمارا جو اتہاس ہے۔ اس سے یہ تو نہیں سمجھنا چاہیے کہ ہم کسی طرح سے ڈر گئے ہیں لیکن وشو شانتی کے بارے میں۔ نرستیکرن کے بارے میں۔ اور وکاس کے بارے میں جو ہماری ایسپرویچ اور جو ہماری دھارنائیں رہی ہیں۔ سارے وشو کے شانتی پریمی لوگوں کی جو دھارنائیں رہی ہیں اس کے لیے چنتا کا وشے ضرور بنا ہے۔ یہ وشے راشٹریہ سرکشا کا بھی ہے۔ اور انتر راشٹریہ سرکشا کا بھی ہے۔ کیونکہ جس طرح سے نابھکیئے شستروں کا پھیلاؤ روکنے کا پریاس کچھ شکتیاں کر رہی ہیں۔ اس موومنٹ کو اور اس آندولن کو میں سمجھتا

جو ہم پر تھوپا گیا تھا۔ اور سارا وشو ہمارے ساتھ تھا۔ اور ہم نے کس پرکار سے وہاں پر وجے پراپت کی تھی۔ میں یہ جاننا چاہوں گا کہ آپ نے یو۔ این۔ اسٹر پر اپنے اسٹر سے جو ہمارا وہاں دوتا واس ہے۔ وہاں کچھ اس پرکار کی پروٹیسٹ سیکیورٹی کاؤنسل میں یا یو نائیٹڈ نیشنس میں لاج کی ہے۔

جو ایک تسکری ہو رہی ہے۔ کیونکہ یہ مسئلہ صرف پاکستان کا ایٹم بم بنانے کا نہیں ہے۔ اس سدن میں بھی کئی مانیئے سدسیوں نے کہا کہ ایک مافیا ڈیولپ کر رہا ہے۔ جو اس پرکار کی تسکری میں اسکا انوالومنٹ ہو رہا ہے۔ آج یہ معاملہ کیول پاکستان کا نہیں ہے۔ بلکہ جرمنی۔ رشیا اور خاص طور پر رشیا جو بکھرنے کے بعد بہت ساری رشیا کی اسٹیٹ ہیں۔ جہاں نابھکیے کام ہوتا تھا۔ اور وہاں پر اب اس پرکار کا کام نہیں ہو رہا ہے۔ اور کافی تعداد میں یورینیم وہاں سے نکلنے کی سمبھاونا ہے۔ اور جس پرکار سے جرمنی کے چانسلر نے رشیا سے بات کی ہے۔ ایسی صورت میں میں یہ بھی جاننا چاہوں گا۔ کہ جو نابھکیے مافیا سارے انتر راشٹریہ اسٹر کے اوپر ابھر رہا ہے۔ جس سے بہت سارے خطرے آگر کھڑے ہو گئے ہیں۔ اس مافیا کو کاؤنٹر کرنے کے لیے ہماری سرکار انے ودیشی سرکاروں کی سہتی اور ہوں کہ یہ کیول وہاں کی جو راج نیتی ہے۔ ایک دوسرے کو پراجت کرنے کی اور ایک دوسرے کو نیچا دکھانے کے لیے وہ ایٹم بم کا پریوگ اس پرکار سے راج نیتی میں کرتے ہیں۔ لیکن نشچت روپ سے میں مانیئے منتری جی سے جاننا چاہوں گا کہ جو یہاں پر ابھی چرچا ہوئی ہے۔ اس سے یہ بات نکلتی ہے کہ شاید پاکستان کے پاس ایک نا بھکیے بم ہے۔ ایک ایٹم بم ہے لیکن جو ہماری سوچنائیں ہیں۔ کیا یہ صحیح ہیں کہ اس وقت ان کے پاس چھ نا بھکیے بم ہیں۔ اور ان کے پاس اتنا یورینیم ہے۔ اتنی تعداد ہے۔ کہ جب وہ چاہے تھوڑے سے عرصہ میں ۲۰ اور ایسے نا بھکیے بم بنا سکتے ہیں۔ تو میں مانیئے منتری جی سے جاننا چاہوں گا کہ ان کی سوچنا کیا کہتی ہے۔

آپ نے کہا ہے کہ انتر راشٹریہ اسٹر پر ہم پریاس کر رہے ہیں کہ پاکستان کا جو یہ ناپاک ارادہ ہے کیول ہمارے دیش کے بارے میں نہیں۔ بلکہ ساری دنیا کے لیے جو وہ چنوتی بن کر کھڑا ہو رہا ہے۔ اس کے لیے ہم انتر راشٹریہ اسٹر پر ایک جنمت تیار کریں گے۔ میں سمجھتا ہوں کہ آپ کی یہ نیتی ایک اچھی نیتی ہے۔ کیونکہ بنگلہ دیش کا معاملہ آیا تھا تو بہت دنوں تک جن مت بنانے کی تیاری کی تھی۔ اور اندرا جی نے۔ آپ جانتے ہیں کہ وہ یدھ

میں یہ کہنا چاہوں گا کہ جو ایف ۱۶ کے ذریعے کنونشنل طریقہ سے ایٹم بم بنا کر جو پاکستان کے پاس ابھی تک جس پر وہ بیس کر رہے ہیں۔ تو ابھی تو امریکہ نے ایف ۱۶ انکو دینے کا جو ارادہ ہے۔ اس کو سسپینڈ کر دیا ہے۔ لیکن کیا یہ جو ورتمان پرستھیاں ابھر کر آئی ہیں۔ اس میں ہماری سرکار امریکہ کے اوپر زیادہ دباؤ ڈالے گی کہ اس پر کار کے ایف ۱۶ صرف سسپینڈ نہ کئے جائیں انکو دیے جانے بلکہ اس سودے کو کینسل کر دیا جائے۔ کیونکہ اس سے نا بھکیئے جنگ شروع ہو جانے کے خطرے زیادہ گہرے ہوتے ہیں۔

میں آخر میں پوچھنا چاہوں گا کہ کیا سرکار سے یہ سوال ہو چکا ہے۔ میں سمے نہیں لینا چاہوں گا۔ آخر میں میں صرف یہ کہنا چاہتا ہوں گا کہ جس پر کار کی تھریٹ ہمیں دی گئی ہے۔ اور جس پر کار سے پردھان منتری جی نے لال قلعہ سے اپنے ادھیکاروں کی بات کہی ہے۔ دیش کے ادھیکاروں کی بات کہی ہے۔ ساری دنیا جانتی ہے۔ کہ کس پر کار سے کشمیر میں پاکستان نے اس حصہ میں جسے ہم آکوپائیڈ کشمیر کہتے ہیں۔ ایک بیس بنالیا ہے۔ ہمارے دیش کو استھر کرنے کے لیے۔ ڈی اسٹیبلائز کرنے کے لیے۔ ابھی جموں میں پرسون کیا ہوا۔ روز دھماکے ہو رہے ہیں۔ کس پر کار سے مختلف جو انکے کوآرڈینیشن سے کیا کرنے جا رہی ہے۔

میں دو سوال اور کرنا چاہوں گا۔ کیونکہ ابھی نارتھ کوریا کی بات آئی اور اس سے پہلے بھی امریکہ نے کئی مرتبہ یہ کہا تھا کہ یدی ہمیں ایسے ثبوت مل جاتے ہیں تو ہم پاکستان کو ٹیرورسٹ اسٹیٹ گھوشت کریں گے۔ میں مانیے منتری جی سے جاننا چاہوں گا کہ کیا بھارت کے پاس بھی کچھ اور ایسے ثبوت ہیں جس کے بی ہاف پر ہم امریکہ کو کہیں کہ امریکہ ہی اس کو اس پر کار کی بہت ساری مدد دیتا ہے۔ ابھی تو وہ مدد بند کئے ہوئے ہے۔ لیکن پچھلے زمانوں میں اس پر کار کی پرستھیاں اٹھ کر آئی ہیں۔ تو میں مانیے منتری جی سے یہ جاننا چاہوں گا کہ ٹیرورسٹ اسٹیٹ امریکہ کیوں نہیں گھوشت کر رہا ہے۔ کیونکہ جب یہ جگ بات ہو گئی ہے۔ ساری دنیا کو بات معلوم ہو گئی ہے۔ کہ بنانے کی تیاری ہی نہیں بلکہ ایٹم بم بنا چکا ہے۔ اب اس سے زیادہ میں سمجھتا ہوں کہ آتنکوادی اسٹیٹ کو امریکن لاز کے اندر گھوشت کرنے کے سمبندھ میں میں سمجھتا ہوں کوئی رکاوٹ نہیں ہونی چاہیے۔ اور اس سلسلہ میں تیزی لائی جانی چاہیے۔

میں یہ بھی جاننا چاہتا ہوں کہ ایٹم بم کے ڈیلیوری سسٹم کے بارے میں جو بات ہوئی ہے وہ میزائلس کی بات تو ہے لیکن

گروہ ہیں۔ ٹیرورزم کے اور ملیٹینسی کے۔ ان کا وہ پروپوگ کر رہا ہے۔ تو اسکے روکے جانے کے سلسلہ میں اور اپنا حق حاصل کرنے کے سلسلہ میں میں سمجھتا ہوں کہ مانیے پردھان منتری جی نے جو لال قلعہ سے اعلان کیا ہے۔ وہ صحیح اعلان ہے۔ اور اس کا ہم سمرتھن کرتے ہیں۔ میں تو سمجھتا تھا کہ پاکستان کی اس چنوتی کے سمے جب کہ کیول بھارت کے لیے ہی نہیں بلکہ سارے وشو کے لیے ایک چنوتی بن کر کھڑی ہوئی ہے۔ ہم آج اس اسٹیٹمنٹ کو ایکمت ہوکر ایک آواز ہوکر پارٹی لائن سے اوپر اٹھ کر میں سمجھتا ہوں کہ اگر ہم اس کا سمرتھن کرتے تو زیادہ بہتر تھا۔

آخر میں میں کہنا چاہوں گا۔ چنوتیاں ہم نے بہت جھیلی ہیں۔ مانیے منتری جی کے بھی سپرد کرنا چاہتا ہوں اور اپنے تمام سدسیوں کے سپرد بھی کرنا چاہوں گا کہ ہم نے کافی چنوتیاں جھیلی ہیں۔ ہم چنوتیاں جھیلنا جانتے ہیں۔ ہم کو مٹا سکے۔ کیونکہ زمانے اور دنیا کی بات آئی تھی۔ میڈم۔ میں کہنا چاہوں گا آپکی اجازت سے کہ "ہم کو مٹا سکے یہ زمانے میں دم نہیں۔ ہم سے ہے یہ زمانہ زمانے سے ہم نہیں۔"

श्री अनन्तराम जायसवाल (उत्तर प्रदेश): तीस-चालीस मील की रफ्तार से पीछे भागना चाहते हैं।

श्री सैयद सिब्ते रज़ी: "हुए तुम दोस्त उसके, दुश्मन उसका आसमां क्यों हो?"

شری سیّد سبط رضی: "ہوئے تم دوست اس کے۔ دشمن اس کا آسمان کیوں ہو۔"

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Madam, I think we have given undue importance to the statement made by the Leader of the Opposition in Pakistan. I think this is a reaction to what our hon. Prime Minister said from the ramparts of the Red Fort. I also think that it is a slogan similar to the one which our BJP people raise in our country saying that we should have a nuclear bomb. The Opposition leader there has tried only to reply to that. I don't think there was any need for us to push the panic button. India is not a banana republic and the Government is well-equipped to take care of it.

But, at the same time, I would like to ask the hon. Minister whether or not we are taking it up seriously at the Capitol Hill and at the United Nations to declare Pakistan a terrorist nation.

Secondly, as we know, there had been undue pressures from the Western world that we should sign the NPT and we had consistently been saying that NPT should not be discriminatory and also that it should be applicable to all. Again, we read some reports in the Press about a month ago which said, I put the question to the hon. Prime Minister and there was no reply. There are some Missiles already deployed on the Western sector across our international boundary and these are pointing towards India. I would like to know whether there is any substance in these reports and what precautionary measures we going to take to meet this challenge. Madam, some countries have taken these precautionary measures. For example, I happened to go to Pyongyang. There you have the subways because the railways are about 100 metre underneath the ground. Now, I was told that these are not only the metro-railways but in case of a nuclear attack, these will also serve as bomb shelters. I would like to know whether the Government intends to take any such precautionary measures as far as the safety of the civilian population is concerned. It is said sometimes in the Press that the target of Pakistan attack is New Delhi. Now, in New Delhi, I don't think this Palika Bazaar, for example, is safe enough against such a threat. So, is the Government taking any steps to see that we also have certain safety measures for the civilians.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): महोदया, अभी जो जार्ज फर्नांडीज जी बोले हैं, मैं उन की बात से सहमत हूं कि 15 अगस्त को बहुत साहस के साथ प्रधान मंत्री ने एक चुनौती दी थी। मैं उस का स्वागत करता हूं कि पहली बार उन्होंने कहा कि जो पाक आक्यूपाइड काश्मीर है वह आटोनोमस था हमारे सामने और 1947 का जो रेकार्ड था उस को पूरा करना है। मुझे लगता है कि उसके ही जवाब में यह बात कही गई है। यह केवल नवाज़ शरीफ ने अपने दिल से नहीं कही, यह मिलीभगत है। नवाज़ शरीफ वहां के प्रधान मंत्री रहे हैं। इसलिए उन को जानकारी पूरी तरह से होगी। सारा इतिहास गुजराल साहब ने बताया, लेकिन मुझे अफसोस है कि हमारी जो प्रतिक्रिया है वह निहायत पिलपिली है। उन्होंने कहा है–

The international community must concertedly act to ensure that Pakistan behaves as a responsible member in the comity of nations. Indeed, there has been international concern expressed over Pakistan's emergence as a nuclear weapon state. Pakistan should be forthwith compelled to abandon its nuclear weapons programme and agree to conduct inself within limits.

अब "विद-इन लिमिट्स" का मतलब क्या है?

दूसरे, पाकिस्तान जिसके साथ हमारा पहला युद्ध हुआ था, उस समय लाल बहादुर शास्त्री प्रधान मंत्री थे, तो वहां के राष्ट्रपति ने कहा था कि हम तो टहलते टहलते दिल्ली पहुंच जाएंगे, लेकिन हुआ उल्टा और हमारी फौज टहलते टहलते इच्छोगिल केनाल तक पहुंच गई। वह तो समझते थे कि भारत का प्रधान मंत्री, धोती पहनने वाला क्या करेगा और आज भी हमारे प्रधान मंत्री धोती पहनते हैं, उनके दिमाग में यह था कि हिन्दस्तान धमकी से दब जाएगा। लेकिन उनको शायद वह अंदाज़ा होगा कि हम कुछ नहीं कर सकते। पहला हमला अगर न्यूक्लियर बम से होगा तो जवाबी कार्यवाही में जब तक आपके पास ताकत नहीं है जब तक आप को धमकियां झेलनी पड़ेंगी। अगर उन को मालूम हो जाएगा कि जवाबी कार्यवाही की जा सकती है एक बम दिल्ली अगर उत्तर भारत को नष्ट कर सकता है, तो जवाब में पाकिस्तान का एक हिस्सा भी नहीं बचेगा। लेकिन धमकियां इसलिए दी जा रही हैं कि उनका अंदाज़ यह है कि हिन्दुस्तान कुछ करने वाला नहीं है, वह अपनी उसी नीति पर चलने वाला है। तो मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार अपनी नीति में परिवर्तन करने को तैयार है या यह कहेगी कि हम बम बना सकते हैं और आवश्यकता पड़ेगी तो बनाएंगे? ढीली ढाली बात करने की आवश्यकता नहीं है।

हमारे साथी कहते हैं कि हम 40 साल से यह बात कहते आए हैं। अगर यह नीति आपने अपनाई होती तो दुनिया में हम आज एक वर्ल्ड पावर होते। वर्ल्ड पावर बन गए होते। आपने कभी हमारी इस बात पर विचार नहीं किया। आप स्वयं उस बात को तय कीजिए कि आप पालिसी बदलने को तैयार हैं कि नहीं?

तीसरे, गुजराल साहब ने साफ कहा कि सारी दुनिया जानती है कि इस सारे षडयंत्र में केवल पाकिस्तान ही शामिल नहीं है, सारे मिडिल ईस्ट और इस्लामिक कंट्रीज, लीबिया, सऊदी अरेबिया उस की सहायता करते रहे हैं और उन्होंने इस्लामिक बम की बात खुल्लमखुल्ला कही है। लेकिन इस्लामिक बम का अर्थ क्या है? इस्लामिक बम की धमकी का मतलब है कि कुछ देश सारी दुनिया पर इस्लाम को छाने के लिए धमकी दे रहे हैं और यह भी मान लीजिए कि पहला निशाना उन का भारतवर्ष है क्योंकि भारत हमेशा दुर्बल देश रहा है, नहीं तो आइ.एस.आइ. की इतनी हिम्मत होती कि एक एक शहर में उनके अड्डे बन गए होते। जर्मनी के अंदर आइ.एस.आइ. के पुराने डाइरेक्टर जनरल हैं। फिर क्या आप केवल मीठी मीठी बातें करके सब कुछ करने वाले हैं? आपने क्या जो आर्गनाइजेशन आफ इस्लामिक कांफ्रेंस है, उन के लोगों से कुछ संबंध स्थापित किया?

Would you be able to pursuade them?

अगर आप नहीं कर सकते तो कम से कम उनको साफ बता देना चाहिए कि हम आपकी हरकतों को दुनिया के सामने उजागर करेंगे। लेकिन कुछ इस्लामिक फंडामेंटलिस्ट्स देशों से भयभीत होकर, डर कर आप उनसे कोई साफ-साफ बात नहीं करना चाहते क्योंकि आपकी नीति में बड़ी दुर्बलता है। आपने आजतक इजराइल के साथ संबंध स्थापित नहीं किये थे। तब किये जब मजबूर हो गये इसलिए मेरी आप से मांग है और मैं आप से पूछना चाहता हूं कि क्या आप ओआईसी के जितने देश हैं उनको साफ-साफ बतायेंगे कि हम आज भी इस प्रकार की बात से सहमत नहीं है। मैं याद करना चाहता हूं कि इन्दिरा जी को और उनकी इस बात के लिए तारीफ करना चाहता हूं कि पोखरन में उन्होंने विस्फोट किया। उससे दुनिया में एक सावधानी बरती गई थी। लेकिन आप पोखरन से पीछे हटे। क्यों? The same Government with the same Party. आप पीछे क्यों हट रहे हैं? आगे बढ़िये तब होगा। दूसरे क्या आप यह कोशिश करेंगे कि टेररिस्ट स्टेट घोषित हो जाए? अगर हो जाए अच्छा है। टेररिस्ट स्टेट घोषित होने पर क्या परिणाम होते हैं? क्या उसमें से इकोनोमिक सैंक्शन निकलते हैं? अगर निकलते हों तो फायदा है। मैं समझता

हूं निकलने चाहिएं। यदि टेररिस्ट स्टेट घोषित न भी हो तो क्या आप मित्र देशों से अच्छे संबंध कायम करेंगे? आज हमारे चाइना से संबंध अच्छे हो रहे हैं। चाइना से बात करके यह तय कर सकते हैं कि आप किसी प्रकार उनकी सहायता नहीं करेंगे और तीसरे जो आसपास के देश हैं उनमें से इकोनोमिक सेंक्शन होना चाहिए। यह आप अमेरिका के सामने रखें। आखिरी बात क्लिंटन साहब से कहना चाहता हूं। मिस्टर क्लिंटन आंखें बंद करके बैठने की आवश्यकता नहीं है। हिन्दुस्तान अब वह नहीं है जो 1947 में था। हिन्दुस्तान वह भी नहीं है जो सन् 60 में था। हिन्दुस्तान अब 1994 में है। हमारे आपस में कितने भी मतभेद हों लेकिन जब देश का सवाल आयेगा तो जो प्रधान मंत्री जी ने कहा 15 अगस्त को वह सारा देश पूरा करेगा। क्लिंटन को भी, क्या आपने सीधे डिप्लामेटिक चैनल से संबंध स्थापित करके चेतावनी दी है? या जनरल कौंसिल की मीटिंग तक ठहरे रहेंगे? मेरा पूछना यह है कि क्या अमेरिका के एडमीनिस्ट्रेटर श्री क्लिंटन को आपने सरकारी तौर से सीधे-सीधे अपनी नाराजगी प्रकट की है या नहीं? इतना मेरे सवाल हैं। **(व्यवधान)** एक बात और कहनी है ग्रेट प्लेटोनियम जो है बम बनाने के काम तो आता ही है। यदि एटम बम न भी बनाया जाए उसको हवा में इस तरह से फेंक दिया जाए तो कोई भी औंज प्लेटोनियम आधी दिल्ली को समाप्त करने के लिए पर्याप्त है। इस चीज पर ध्यान दिया है क्या? कम से कम इसमें सुरक्षा की व्यवस्था कीजिए।

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार): उपसभापति महोदया, मुझे लगता है एक बहुत गम्भीर बात हुई और देश के लोग इससे बहुत चिंतित हो गये हैं। जब पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री ने यह कहा कि उनके पास बम है। लेकिन हमारी सरकार ने न तो सदन को कांफिडेंस में लिया और आखिरी दिन जब कुछ लोग टिकट कटाकर चले गये तो हम मनहूस लोग यहां बैठे हैं...

सैयद सिब्ते रजी: मनहूस न कहिये।

श्री चतुरानन मिश्र: आप ही सुनने के लिए हैं और कुछ तो करना नहीं है। सब लोग मिलकर इस गम्भीर सवाल पर विचार करते फिर प्रधान मंत्री आते और कहते लेकिन लाल किले से कह दिया हम ऐसी व्यवस्था कर देंगे, जब करने की बात आ रही है तो आप आते ही नहीं हम लोगों के सामने। इसलिए हम इस बात को बहुत गलत समझते हैं कि इस गम्भीर स्थिति में भी आप न सदन को कांफिडेंस में लेते हैं और न जनता को इस बारे में कुछ कह रहे हैं। हम से पहले माथुर जी बोलें। उन्होंने इजराइल की चर्चा की। इजराइल तो बदल गये लेकिन माथुर जी नहीं बदले। इजराइल जो इस्लामिक कंटरी है, खासतौर से समझौता भी कर लिया और बात भी हो गई।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: बराबरी से समझौता करो, उन्होंने जो समझौता किया है, बराबरी से, हिम्मत के साथ किया है, आप ऐसा करें तो हम तैयार हैं।

श्री चतुरानन मिश्र: आप तो चिन्तित हो जाते हैं। जब समझौते की बात आएगी, अभी भी लड़ाई की बात चल रही है, समझौता तो लड़ाई के बाद ही होगा। अभी आप हमको समझौता करने के लिए कह रहे हैं। अभी तो पहले यह सुनें। तो माथुर साहब, हमको ऐसा लगा कि "यू आर मोर इज़राइली दैन इज़र्लाइस्ट" अब तो दुनिया में कुछ नयी हवा चली है। इस्लामिक देश का जैसे एक ही टंटे में आपने हांक दिया, ऐसा करके क्या हम उस देश का कल्याण कर सकेंगे? उनकी यहां भी डिवीज़न हैं, कुछ पागल लोग वहां भी रहते हैं और हमारे यहां पागल नहीं रहते तो बाबरी मस्जिद टूटती क्या?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: हमारे यहां बेवकूफ भी हैं, पागल नहीं हैं, बेवकूफ भी हैं।

श्री चतुरानन मिश्र: मैंने उतना ही कहा था।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मैं भी उतना ही कह रहा हूं, हुजूर, आपकी खिद्मत में। ...**(व्यवधान)**

श्री चतुरानन मिश्र: अगर आप तमाम पागलों को बेवकूफ भी समझते हैं तो आपको मुबारक हो, हम आपको क्या कह सकते हैं? ...**(व्यवधान)** हमने तो सिर्फ पागल की बात कही। मैं समझता हूं कि इस सवाल पर पार्टीबाजी के दृष्टिकोण से हम लोगों को विचार नहीं करना चाहिए। बहुत बड़ा खतरा रीयली आ गया है और पाकिस्तान को समझाने-बुझाने में मैं भी विश्वास करता हूं। दोनों देशों की जनता एक ही है, पेरेंटिज एक है, सभ्यता एक है, सब बात है लेकिन जब गांधी जी थक गए, नेहरू जी थक गए तो हम यह दावा नहीं करते हैं कि हम उनको समझा देंगे।

श्री दिग्विजय सिंह: ख्वाहिश तो सब रख सकते हैं

श्री चतुरानन मिश्र: ख्वाहिश रखिए, यह आपके पास है। हम जिस बात की चर्चा कर रहे हैं कि प्रधान मंत्री को चाहिए, और आपके जरिए हम उनसे कहते हैं कि सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं की मीटिंग बुलाएं। सब बातें हम लोग यहां नहीं कर सकते। हम लोगों के दिल में भी कुछ शक हैं लेकिन सब बातें तो यहां की नहीं जा सकती। अब जैसे एक मिसाल लीजिए, इसका एक पहलू है-डिफेंस-कि हम अपने देश का कैसे बचाव करें? तो

डिफेंस की बात यहां पब्लिकली तो नहीं हो सकती और हमारी आर्मी पर क्या प्रभाव पड़ेगा कि दूसरा दुश्मन कहेगा कि हमारे पास एटम बम है और हम कहेंगे कि पब्लिक ओपीनियन हम दुनिया का ठीक करते हैं। तो वह आर्मी आपके साथ रहेगी? वह तो मारे जाने वाले लोग हैं या मरने वाले लोग हैं। इसीलिए हम आपसे अनुरोध करेंगे कि प्रधान मंत्री को बुलाएं। गंभीर प्रश्न उठ गया है, इस पर सभी पार्टी के लोग बैठकर विचार करें कि हमें अपने देश को इस मुसीबत से कैसे बचाना है और क्या करें? एक सवाल उठ खड़ा हुआ है कि दुनिया को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि पाकिस्तान को टैररिस्ट स्टेट डिक्लेयर करे। लेकिन बम बना लेने से वह टैररिस्ट कैसे डिक्लेयर हो जाएगा? कश्मीर में जो कार्रवाई कर रहा है, उसके लिए हो सकता है। बम बनाने से अगर अमेरिका टैररिस्ट स्टेट डिक्लेयर नहीं हो रहा है जिसने बहुत बम बना कर रखे हुए हैं तो पहले तो ग्रेटर टैररिस्ट वह डिक्लेयर होगा तभी तो छोटा टैररिस्ट पाकिस्तान डिक्लेयर होगा। ऐसे टैररिस्ट स्टेट कोई नहीं डिक्लेयर होता है। आपने पोखरन में बम फोड़ दिया था आपको तो टैररिस्ट स्टेट डिक्लेयर नहीं किया....**(व्यवधान)** पॉवर एक्सप्लोज़न था, उसी को लेकर तो हमने कहना शुरू किया था कि हम जब बनाना चाहेंगे, बना लेंगे लेकिन हम बनाएंगे नहीं। हमारी नीति यही रही है। इसलिए हम कहते हैं कि वैसे टैररिस्ट स्टेट डिक्लेयर नहीं होती है, उसके सर्टेन प्रिनसिपल्स हैं, अफकोर्स, हमारी सरकार को कोशिश करनी चाहिए। जो उन्होंने किया है और जो वह कह रहे हैं, खुले-आम कह रहे हैं, जो अभी उनके पूर्व प्रधान मंत्री ने कहा है, वह भी एक सबूत है।

उपसभापति: एटम बम बनाने से नहीं होंगे पर छोटे-छोटे बम जो बंबई और जम्मू में हो रहे हैं, उससे तो हो सकते हैं।

श्री चतुरानन मिश्र: हम भी वही कहना चाहते हैं उप सभापति महोदया, सबको सब चीज़ से मिलाकर घोर मट्ठा कर दीजिएगा। तब तो दुनिया आपकी बात को नहीं समझेगी कि इसके लिए क्या हो रहा है? हमको नहीं पता है कि अभी तक हमारे प्रधान मंत्री ने, बड़े राष्ट्रों को और दुनिया के सारे राष्ट्रों को पत्र भी लिखे हैं कि नहीं, कि वह कहते हैं कि हमने बम बना लिया है। उससे तो हमारे और दुनिया के सामने एक नयी परिस्थिति पैदा हो गयी है। एक लैटर भी गया है कि नहीं गया है, यह हमको कौन बताएगा? हम तो नहीं जानते हैं कि प्रधान मंत्री ने कुछ किया है कि नहीं किया है। इसीलिए एक तो यह है। दूसरा, जहां तक अमेरिका का रिक्शन है, तो अभी तक जो अमेरिका का रिएक्शन है, वह जो भारत के मामले में रिएक्शन होता था, उससे बिल्कुल भिन्न है। अब क्लीयरली जब उसके पूर्व प्रधान मंत्री कहते हैं कि उनके पास बम है, तब तो जो लोग हमको शिक्षा-दीक्षा बहुत दिन से दे रहे थे, उनको तो कहना चाहिए था। अब तो बात स्पष्ट हो गयी तब तक उनको कार्यवाही करनी चाहिए। लेकिन वे नहीं कर रहे हैं। हमको नहीं मालूम है कि अमेरिकन प्रेजीडेंट को हमारे प्रधान मंत्री ने कोई पत्र लिखा है। जैसे कि हमने आपको कहा इसके दो पहलू हैं। एक पर तो हमारे विदेश विभाग के मंत्री कुछ जवाब दे सकते हैं लेकिन जो रक्षा का मतलब है उसका तो यहा जवाब दे नहीं सकते हैं। न वहां मंत्री हैं। हम समझते हैं कि यह तरीका भी नहीं है डिसकस करने का। कोई रास्ता हमको निकालना चाहिए उसको लेकर।

दूसरी बात जो हम आपसे कहना चाहेंगे वह हमारे सामने है कि क्या अगर डिक्लेयर हो गया कि उनके पास बम है तो इस जोन को, पूरे एशिया को लें साउथ एशिया को लें, नान-न्यूक्लियर जोन बनाने के बारे में कोई ज्यादा कारगर आप ऐसा रास्ता सोचेंगे जो वर्ल्ड के लिए एक्सेप्टेबुल हो क्योंकि अब तो गम्भीरता से विचार करना होगा। हम तो इतने दिन से शांति, अहिंसा बक रहे हैं लेकिन अब हमारे ही पाले पर फूटने वाला है। तब तो सब बातें दूसरी हो रही हैं। इसीलिए, एशिया के लेविल पर हो तो और अच्छा है, साउथ एशिया के लेविल पर हो तो अच्छा है। हम नान-न्यूक्लियर जोन बनाने के बारे में क्या रास्ता अख्तियार करें कि वर्ल्ड पब्लिक से उस पर रैली करवा सकें और जिस पर पाकिस्तान को अलग-थलग किया जा सके। हमको दुख होता है कि पिछले एक दो साल के अंदर पाकिस्तान नान-न्युक्लियर जोन बनाने के बारे में जो तरह-तरह का दांव-पेंच भरा प्रस्ताव रखता रहा, उसने हमारे डिप्लोमैटिक एक्शनस को डिफीट कर दिया था। यह एक दुखद बात है लेकिन सच्ची बात है कि उन्होंने लगातार ऐसा प्रचार किया और वर्ल्ड पब्लिक ओपीनियन-पार्टि-क्युलर्ली अमेरिका की बात कह रहा हूं, वे उनकी बात कहा करते थे, उनके पक्ष को ले लेते थे, हमारे पक्ष को नहीं लेते थे। इसलिए हम चाहते है इसके बारे में हम लोग गम्भीरता से विचार करें क्योंकि अब मुसीबत हमारे सामने हैं। हमारी पाकिस्तान की जनता के साथ पूरी दोस्ती है। हम लोगों ने कहा है कि हम एक ही हैं। कोई बात नहीं है कि एक नहीं है। एक ही पैरेंटेज है, एक ही सब कुछ है। लेकिन वे लोग पागल हैं इसमें कोई शक नहीं है और यह पागल ही करेगा जो बम गिराएगा चाहे हम वहां गिराएं या वे यहां गिराएं। तीसरा मसला है कि यह तो ऐसा वीपन है जिसका डिफेंस कुछ नहीं होता है। पता नहीं होता

है कि नहीं होता है। अभी तक हमारी नालेज है कि न्युक्लियर बम का कोई डिफेंस मेजर नहीं होता है। यह तो और भी चिंताजनक बात बन जाती है।

SHRI G.G. SWELL: Patriot missiles can destroy it...

SHRI CHATURANAN MISHRA: May or may not. There have been failures of the American Patriots. We have seen it even in Iraq. With the limited knowledge I have—I am not a scientist—perhaps, there cannot be a full defence against nuclear bomb attacks. This is my feeling. Of course, I am subject to correction. That is why I am telling you that let there be a meeting of the leaders of all the political parties with the Prime Minister, and defence and everything should be discussed in detail there as what we should do because it is a serious matter. They have already said it and I need not repeat it.

लेकिन एक बात हम कहते हैं। हमको कुछ अच्छा नहीं लग रहा है कि इसको कह रहे हैं। ध

धमकी-वमकी वाली बात से जहां तक हो परहेज कीजिए। यह अच्छा नहीं है। वह हम इसलिए नहीं कह रहे हैं कि उनका मुकाबला नहीं करना चाहते हैं। मुकाबला तो कीजिए लेकिन बात कम कीजिए। मुकाबला ज्यादा कीजिए। यहां इस देश में गलत हो रहा है-बात ज्यादा, मुकाबला कम। इस काम को मत कीजिए। बातूनी धमकी मत दीजिए। हमने देखा, अभी जो पाकिस्तान की प्राइम मिनिस्टर है, आपकी ही पार्टी से संबंधित एक छात्र संगठन है उन्होंने उनका पुतला जला दिया।

श्री मोहम्मद सलीप: युवा संगठन।

श्री चतुरानन मिश्र: हमने नाम नहीं लिया जानबूझकर ...(व्यवधान) ठीक है, छात्र और युवा में थोड़ा-सा फर्क है। अब तो मास लिट्रेसी चल गयी है हर जगह। पुतला जलाकर उनका बदन तो फंका नहीं गया, बायल्स भी नहीं पड़े होंगे। काहे को ये टेंशन पैदा करते हैं। यह आज की बात नहीं है। बम डिक्लेयर हुआ तब की बत नहीं है। पहले ही ये लोग कर चुके हैं। आप ऐसी बात काहे को करते हैं ...(व्यवधान) इस तरह की हम चाहते हैं कि लैंग्वेज वगैरह मत इस्तेमाल कीजिए ताकि लोग समझें कि आप ही यह कर रहे हैं। लेकिन यह कहना कि हमारा भी कोई मतलब नहीं है..... ।

कि अपने देश को किसी तरह की तैयारी में कमी करनी चाहिए और अगर अभी हमारी सरकार ने सही ढंग से इस विषय को नहीं लिया, हमको खतरा है कि आप नहीं ले रहे हैं, तब आप विकल्प बनाइयेगा कि आप भी बम बनाएं। तब दोनों तरफ से बम ही रहेगा और बचाने वाला खुदा होगा, दूसरा कोई बचाएगा नहीं। यही हमको आपसे कहना है।

SHRI S. MUTHU MAN (Tamil Nadu): Madam Deputy Chairman, I do feel that Pakistan is not only threatening India but it is also threatening the other developed countries like India. People would like to know as to who is behind the voice of Pakistan. This is the question uppermost in the minds of the people of India.

